## GOVT. OF BIHAR

# BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

## UNDER GRADUATE ENGINEERING ADMISSION COUNSELLING (UGEAC)-2020 for B.E. / B. Tech. Course

**Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2020/10 Dated 02.01.2021**

## UGEAC-2020 के आधार पर बिहार के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों/ निजी अभियंत्रण महाविद्यालय ( Exalt College of Engineering & Tech., Vaishali ) में प्रवेश हेतु Online Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या- BCECEB(UGEAC)-2020/08 एवं 2020/09 दिनांक 19.11.2020 के क्रम में UGEAC-2020 के सभी अभ्यर्थियों / सर्व साधारण / राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों / निजी अभियंत्रण महाविद्यालय (Exalt College of Engineering & Tech., Vaishali) के प्राचार्यों को सूचित किया जाता है कि ;

1. UGEAC-2020 के आधार पर हुए 1st round Seat Allotment के उपरांत कतिपय अभ्यर्थियों से शिकायत प्राप्त हुई कि उनके द्वारा भरे गये विकल्पों में किसी के द्वारा छेड़-छाड़ कर बदलाव कर दिया गया है।

2. पर्षद द्वारा सम्बन्धित Agency के माध्यम से जांच की गयी तो पाया गया कि दिनांक 28.11.2020 को संध्या 7:00 बजे से 11:01 बजे रात्रि के बीच एक ही IP Address से 17 अभ्यर्थियों का Choice बदल दिया गया है। इसके उपरान्त आर्थिक अपराध इकाई (साइबर क्राइम) को सारे तथ्यों एवं विवरण देते हुए उनसे FIR दर्ज कर अनुसंधान करने का अनुरोध किया गया।

3. उपरोक्त बिन्दुओं के आलोक में विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग एवं पर्षद के सम्बन्धित Agency के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया गया। यह पाया गया कि कुछ छात्रों द्वारा भरे गये Choice में छेड़-छाड़ का प्रमाण मिला है। इसके कारण प्रथम चक्र की सीट आवंटन प्रक्रिया प्रभावित हो गयी है। अतः छात्रहित में प्रथम चक्र की सीट आवंटन प्रक्रिया रद्द करते हुए अभ्यर्थियों को पुनः Choice भरने / Edit का मौका दिये जाने का निर्णय लिया गया है। भविष्य में Choice filling data में छेड़-छाड़ की सम्भावना न हो इस हेतु counselling portal में नये Security Features लगाये गये हैं।

इसके आलोक में दिनांक 02.12.2020 को प्रकाशित सीट आवंटन को रद्द किया जाता है तथा नये सिरे से Seat आवंटन आदि हेतु निम्नवत् कार्यक्रम निर्धारित किया जाता है;

4. **UGEAC-2020 Online Counselling <u>से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् हैं;</u>**

| | | |
|---|---|---|
| i. | Seat Matrix and Business rule posting on website | : Already uploaded |
| ii. | Starting date of Online Choice filling / Editing | : 05.01.2021 |
| iii. | Last date of Online Choice filling / Editing | : 08.01.2021 |
| iv. | 1st Round provisional seat allotment result publication date | : 11.01.2021 |
| v. | Downloading of Allotment order (1st Round) | : 11.01.2021 to 14.01.2021 |
| vi. | Documents Verification and Admission (1st Round) | : 12.01.2021 to 14.01.2021 |
| vii. | 2nd Round provisional seat allotment result publication date | : 17.01.2021 |
| viii. | Downloading of Allotment order (2nd Round) | : 17.01.2021 to 20.01.2021 |
| ix. | Documents Verification and Admission (2nd Round) | : 18.01.2021 to 20.01.2021 |

5. UGEAC-2020 के आधार पर online counselling हेतु सभी पंजीकृत / Registered अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि उक्त कार्यक्रम अनुसार choice filling करने हेतु अपने online counselling account में अपने UGEAC ID एवं पूर्व में दिये गये password का प्रयोग कर OTP Authentication करेंगे एवं तदोपरांत अपने Password को बदल लेंगे। अभ्यर्थी को पुनः login करने के लिए अपने UGEAC ID एवं New Password का प्रयोग करना होगा । अभ्यर्थी यह ध्यान दें कि OTP उनके पंजीकृत Mobile No. एवं email ID पर भेजी जायेगी । साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि पंजीकृत मोबाईल नं. एवं email ID को किसी भी शर्त्त पर बदला नहीं जा सकता है।

6. **Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी एवं Choice filling की विधि आदि पर्षद के उक्त वेबसाइट पर विज्ञापन संख्या- BCECEB(UGEAC)-2020/08 दिनांक 19.11.2020 द्वारा पूर्व में ही उपलब्ध करायी जा चुकी है।** उक्त निदेश के अनुसार अभ्यर्थी संस्थान एवं ब्रांच का Choice भरें।

**परीक्षा नियंत्रक**